आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-148-● कटनी ● बुधवार, 30 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष -6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## एक लाख का मोपेड



बीते दिन एक कंपनी ने अपने इलेक्ट्रिक मोपेड को भारतीय बाजार में 99,000 रुपये (एक्स-शोरूम) की कीमत पर लॉन्च किया

## सीइओ आत्महत्या मामले में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष गिरफ्तार

**भीकनगांव ।** जनपद सीईओ की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार की सुबह दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि धन्नालाल खतवासे और जनपद उपाध्यक्ष दुलीचंद बांके शामिल है। पुलिस ने बताया कि रविवार को जनपद सीईओ राजेश बाहेती ने अपने शासकीय आवास में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। मर्ग जांच के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण कर नक्शा मौका तैयार किया गया। मौके पर मिले सुसाइड नोट को जब्त कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

# कोरोना से मरने वालों के परिवार को मुआवजा दे सरकार

## फैसला सुप्रीम कोर्ट का आदेश, खुद तय करे राशि, डेथ सर्टिफिकेट प्रक्रिया को सरल करने के निर्देश

**नई दिल्ली ।** जम्मसुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कोरोना वायरस से मरने वालों के परिवार को मुआवजा देने के मामले में अपना फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया कि केंद्र कोविड से मरने वालों के परिवारों को मुआवजा दे। कोर्ट ने कहा कि केंद्र मुआवजा राशि तक कर छह हफ्तों के भीतर राज्य सरकारों को निर्देश दे। साथ ही केंद्र को निर्देश दिया कि मृत्यु प्रमाण पत्र पाने की प्रक्रिया को भी सरल किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए आदेश दिया कि जिनकी मौत कोरोना के कारण हुई है, केंद्र सरकार उनके परिवारों को मुआवजा दे। हालांकि, ये मुआवजा कितना होना चाहिए ये खुद सरकार को तय करना होगा। फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह भी माना कि कोरोना से मरने वालों के परिवारों को चार-चार लाख का मुआवजा नहीं दिया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) से यह भी कहा कि वह एक ऐसा सिस्टम बनाए, जिससे कम से कम ही सही, लेकिन पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह कोविड से जुड़े मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करे, जो प्रमाण पत्र पहले ही जारी हो गए हैं, उनमें सुधार किया जाए।

इससे पहले केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट हलफनामा दाखिल कर कहा था कि



कोविड-19 के पीड़ितों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा नहीं दिया जा सकता है क्योंकि आपदा प्रबंधन कानून में केवल भूकंप, बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदाओं पर ही मुआवजे का प्रावधान है। सरकार ने आगे कहा कि अगर एक बीमारी से होने वाली मौत पर मुआवजे की राशि दी जाए और दूसरी पर नहीं तो यह पूरी तरह से गलत होगा। केंद्र सरकार ने कहा कि सरकारी संसाधनों की एक सीमा होती है। केंद्र ने यह भी कहा है कि अगर इस तरह से मुआवजा दिया गया तो वर्ष 2021-22 के लिए राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) के लिए आवंटित राशि 22184 करोड़ रुपये इस मद में ही खर्च हो जाएंगे और इससे महामारी के खिलाफ लड़ाई में उपयोग होने वाली राशि प्रभावित होगी। चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि राज्य सरकारों की वित्तीय सामर्थ्य से परे है। पहले से ही राज्य सरकारों और केंद्र सरकार के वित्त पर भारी दबाव है।

### क्या है मामला ?

केंद्र सरकार ने यह जवाब वकील गौरव बंसल और रीपक कंसल द्वारा दायर उन याचिकाओं पर दिया है, जिसमें कोविड -19 महामारी से मारे गए लोगों के परिवार के सदस्यों को आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत चार लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सोमवार को सुनवाई करेगा।

## फटाफट खबरें



### मंदिरा बेदी के पति राजकौशल का निधन

**मुंबई ।** अभिनेत्री मंदिरा बेदी के पति, फिल्म निर्माता राज कौशल का निधन हो गया है। 49 साल के राज एक फिल्ममेकर थे। पति को अंतिम विदाई देते हुए मंदिरा बेदी बेहद भावुक नजर आईं। मुंबई में किए गए अंतिम संस्कार में कई फिल्मी हस्तियों ने हिस्सा लिया। राज कौशल के निधन पर बॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने शोक जताया है। निधन की खबर मिलने के बाद मंदिरा और राज के करीबी दोस्त उनसे मिलने पहुंचे।

### नेपानगर में बर्थडे केक ने बचा ली तेंदुए से दो भाइयों की जान

**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले के नेपानगर में दो भाइयों ने अपनी जान बचाने के लिए बर्थडे का केक पीछे दौड़े तेंदुए के मुंह पर मार दिया। घटना 27 जून रविवार शाम की है, जब ग्राम गोराड़िया निवासी फिरोज मंसूरी अपने बेटे के जन्मदिन के लिए केक लेने भाई साबिर मंसूरी के साथ नेपानगर गया था। वापस लौटते समय पलासुर-सांईखेड़ा-डाभियाखेड़ा तिराहे पर अचानक गन्ने के खेत से एक तेंदुआ छलांग लगाकर बाहर निकला और उन पर हमला बोल दिया। तभी बाइक पर पीछे बैठे एक भाई ने हाथ में मौजूद केक का डिब्बा तेंदुए के मुंह पर दे मारा।

### कनाडा में पाकिस्तानी नागरिक पर चाकू से वार, काटी दाढ़ी

**कनाडा ।** यहां एक पाकिस्तानी मूल के निवासी पर चाकू से हमला करने की वारदात सामने आई है। दो अज्ञात लोगों ने कनाडा में पाकिस्तानी मूल के एक निवासी पर चाकू से हमला किया। कनाडा के स्थानीय मीडिया के मुताबिक, ये घटना कनाडा के सेस्केचेवान प्रांत के सेस्काटून शहर में हुई। जिस शख्स पर हमला हुआ, उसकी पहचान मोहम्मद काशिफ के तौर पर हुई है।मोहम्मद काशिफ ने इस्लामी पोशाक पहनी हुई थी। शाम को मोहम्मद काशिफ अपने घर वापस लौट रहे थे, जिसके बाद उन पर ये हमला हुआ।

### शराबी बाइक सवार ने मारी टक्कर, एएसआइ की मौत

**मंदसौर।** नई आबादी थाने में पदस्थ एएसआइ राजेन्द्र पुत्र केशवलाल शर्मा की बाइक की आमने-सामने की टक्कर में मौत हो गई। उन्हें टक्कर मारने वाला युवक नशे में था। वहीं एएसआइ की मौत सिर में गहरी चोट लगने व ज्यादा खून बहने से हो गई। हेलमेट पहना होता तो जान बच सकती थी।






## बोनट में फंसा सब-इंस्पेक्टर 200 मीटर तक घसीटा, मौत

**भोपाल।** भोपाल के हबीबगंज इलाके में दर्दनाक हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार एसयूवी ने बाइक सवार सब इंस्पेक्टर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एसआई कार की बोनट में फंस गए। उस दौरान ड्राइवर ने कार रोकने की जगह रफ्तार बढ़ा दी, जिससे एसआई दूर घिसटते चले गए। करीब 200 मीटर दूर एसआई उछलकर सड़क की दूसरी तरफ जा गिरे। इस हादसे में उन्हें काफी गंभीर चोटें लगीं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, 2012-13 बैच के सब-इंस्पेक्टर सुधीर मांझी हनुमानगंज थाने में तैनात थे। सुधीर 29 जून रात ड्यूटी के बाद चूनाभट्टी स्थित अपने घर लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे एकांत पार्क के पास तेज रफ्तार सफेद एसयूवी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सुधीर कार के बोनट में फंस गए।

# अल्फा और डेल्टा वैरिएंट पर असरदार है स्वदेशी वैक्सीन

**नई दिल्ली**

देश की स्वदेशी कंपनी भारत बायोटेक की ओर से बनाई गई कोरोना वैक्सीन कोवाक्सिन कोविड वायरस के अल्फा और डेल्टा वैरिएंट पर भी असरदार है। अमेरिका के शीर्ष स्वास्थ्य शोध संस्थान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) ने इस बात का दावा किया है। संस्था ने बताया कि दो शोधों के डाटा के आधार पर ये दावा किया जा रहा है।एनआईएच ने कहा कि कोवाक्सिन लगवाने वाले लोगों के रक्त सीरम के दो अध्ययनों के परिणाम बताते हैं कि यह टीका ऐसे एंटीबॉडी विकसित करता है, जो सार्स-सीओवी-2 के बी.1.1.7 (अल्फा) और बी.1.617 (डेल्टा) स्वरूपों को प्रभावी तरीके से बेअसर करते हैं, ये स्वरूप सबसे




### अमेरिकी शीर्ष संस्थान का दावा

पहले ब्रिटेन और भारत में पाए गए थे। शीर्ष अमेरिकी स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान ने कहा कि उसकी वित्तीय मदद से विकसित एक सहायक औषधि ने अत्यधिक प्रभावशाली कोवाक्सिन की सफलता में योगदान दिया है, जिसे भारत एवं अन्य स्थानों में अब तक लगभग दो करोड़ 50 लाख लोगों को लगाया जा चुका है। सहायक औषधियां प्रतिरक्षा क्षमता और टीके की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए उसके हिस्से के रूप में तैयार की जाती हैं। एनआईएच ने बताया कि कोवाक्सिन में सार्स-सीओवी-2 के एक अक्षम रूप को शामिल किया गया है जो अपनी प्रति नहीं बना सकता, लेकिन वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी बनाने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय करता है। उसने कहा कि टीके के दूसरे चरण के परीक्षण के प्रकाशित परिणाम बताते हैं कि यह सुरक्षित है। उसने बताया कि कोवाक्सिन के तीसरे चरण के परीक्षण के सुरक्षा संबंधी आंकड़े इस साल के अंत में उपलब्ध हो जाएंगे।



## गाजीपुर बॉर्डर पर भाजपा समर्थकों और किसानों के बीच मारपीट

**नई दिल्ली।** कृषि कानून के विरोध में बीते सात महीने से दिल्ली की तमाम सीमाओं से समेत यूपी गेट पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की झड़प भाजपा समर्थकों से हो गई। बुधवार सुबह यूपी गेट पर किसान आंदोलन स्थल के अंदर भाजपा कार्यकर्ता पहुंच गए जिसके बाद उनके और किसानों के बीच मारपीट हो गई। हंगामे की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंची है। खबर ये भी है कि इस घटना में भाजपा कार्यकर्ताओं की गाड़ी तोड़ी गई है। इस घटना के बाद गाजियाबाद एसएसपी कार्यालय पर भाजपाइयों ने जाम लगा दिया है। कहा जा रहा है कि किसानों द्वारा भाजपाइयों की गाड़ी में तोड़फोड़ करने के विरोध में ये जाम लगाया गया है।

## कैप्टन बनाम क्रिकेटर की जंग: पहले राहुल फिर सिद्धू और अब सोनिया से मिलने पहुंचीं प्रियंका

**नई दिल्ली।** पंपंजाब कांग्रेस में जारी कलह खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। पार्टी आलाकमान पंजाब कांग्रेस की कलह यानी कैप्टन बनाम क्रिकेटर की जंग को खत्म करने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री और कांग्रेसी नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह के समान रूतबा हासिल करने की जुगत में लगे विधायक नवजोत सिंह सिद्धू आज यानी बुधवार को दिल्ली में प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की। प्रियंका गांधी ने सिद्धू से मुलाकात करने से पहले राहुल गांधी के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। उसके बाद कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने पहुंची। इसके बाद से कयास लगाए जा रहे हैं कि पंजाब कांग्रेस में जारी कलह जल्द समाप्त हो सकती है।



नवजोत सिंह सिद्धू ने ट्वीट कर प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की जानकारी दी। इससे पहले, नवजोत सिंह सिद्धू के राहुल गांधी से मुलाकात करने की अटकलें लगाईं जा रहीं थीं। इससे एक दिन पहले नवजोत सिंह सिद्धू के राहुल से मिलने की खबरों ने किरकिरी करवा दी थी। दरअसल, सिद्धू के करीबियों ने सोमवार को मीडिया में यह खबर फैलाई कि नवजोत सिंह सिद्धू को प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ने मिलने के लिए बुलाया है। इसके बाद राहुल गांधी ने मंगलवार को नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान साफ कर दिया कि उन्होंने सिद्धू को मिलने के लिए नहीं बुलाया है।

## सीएम शिवराज की सुरक्षा में तैनात जवान ने गोली मारकर की खुदकुशी

**भोपाल**

राजधानी के मंगलवारा इलाके में रहने वाले एक सिपाही ने बुधवार सुबह अपने घर में खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। वह मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात था। घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी इरशाद वली सहित अन्य आला अफसर मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। तलाशी के दौरान पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एएसपी जोन-तीन रामसनेही मिश्रा ने बताया कि मूलत: विदिशा निवासी 30 वर्षीय अजयपाल सिंह सेंगर मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात थे। वह मंगलवारा थाना इलाके के पटेल नगर में पत्नी और बेटी के साथ रहते थे। वर्तमान में पत्नी, बेटी को लेकर अपने मायके गई हुई है। बुधवार सुबह अजयपाल ने पिस्तौल से खुद को गोली मार ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। धमाके की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सिपाही द्वारा गोली मारकर खुदकुशी करने की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। आला अफसर मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। घटना की सूचना अजय के परिवार वालों को दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



## सीधे निर्माताओं से कोरोना टीके नहीं खरीद पाएंगे निजी अस्पताल



**नई दिल्ली।** देश के निजी अस्पतालों को 1 जुलाई से निर्माताओं से सीधे कोरोना टीके खरीदने की अनुमति नहीं होगी और उन्हें केंद्र के कोविन पोर्टल पर ऑर्डर देने होंगे। इसके लिए सभी निजी अस्पतालों को कोविन पर एक निजी कोरोना टीकाकरण केंद्र के रूप में पंजीकरण करना होगा। सूत्रों ने कहा कि अधिकांश अस्पतालों ने पहले ही पोर्टल पर पंजीकरण करा लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा मंत्रालय द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक महीने में निजी टीकाकरण केंद्र के लिए उपलब्ध खुराक की कुल मात्रा के बारे में सूचित किया जाएगा। वे इन मात्राओं को ध्यान में रखते हुए निजी सीवीसी की मांग को पूरा करेंगे।

## कोरोना रिटर्न, ब्रिटेन में मिले 22 हजार मरीज

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में एक बार फिर कोरोना वायरस ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। ब्रिटेन में मंगलवार को पांच महीने में पहली बार एक दिन में 22 हजार से अधिक कोरोना मरीज मिले और तीन मरीजों की मौत हो गई। इससे पहले 30 जनवरी, 2021 को 23,108 नए मरीज मिले थे। इसी के साथ ब्रिटेन में एक्टिव केस बढ़कर 3,07,776 पहुंच गए हैं। स्पेन और हांगकांग ने ब्रिटेन में फिर से कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए अपने यहां ब्रिटिश यात्रियों के आने पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। ब्रिटिश सरकार अब छात्रों का सेल्फ आइसोलेशन खत्म करने की तैयारी कर रही है। सरकार का कहना है कि बच्चों के सेल्फ आइसोलेशन से माता-पिता परेशान हो गए हैं। बच्चों की शिक्षा भी बाधित हो रही है। स्कूल शिक्षा मंत्री निक गिब ने मंगलवार को बताया कि हम बच्चों के सेल्फ आइसोलेशन के बजाय डेली कॉन्टैक्ट टेस्टिंग पर जोर देना चाहते हैं। सरकार 19 जुलाई के पहले इस पर फैसला करेगी। कोरोना संक्रमण के मामलों में वृद्धि के बीच छात्रों के सेल्फ आइसोलेशन को खत्म करने को लेकर सरकार की चिंता बढ़ गई है।



बता दें कि ब्रिटेन में 17 जून तक 1.70 लाख से अधिक छात्र सेल्फ आइसोलेशन में चले गए थे। ये छात्र ऐसे लोगों के संपर्क में आ गए थे, जिन्हें कोरोना हुआ था। ये सरकार अनुदानित स्कूलों की छात्र संख्या का दो फीसदी है। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की सरकार और बच्चों के माता-पिता दबाव में आ गए थे।

## ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स में भारत की छलांग, चीन पाकिस्तान को पछाड़ा



**नई दिल्ली।** भारत ने ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी के मालमे में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत ने साल 2020 में ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स में 37 पायदान की लंबी छलांग मारी है। यूनाइटेड नेशन्स की रिपोर्ट के मुताबिक ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स में भारत को 10वीं रैंक हासिल हुई है।यह एक कम्पोजिट इंडेक्ट है, जिसे यूनाइटेड नेशन की स्पेशल एजेंसी इंटरनेशनल टेलिकम्यूनिकेशन यूनियन जारी करती है। इसमें साइबर सिक्योरिटी के मामले में 194 देशों की रैंकिंग की जाती है। ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी की रैंकिंग में भारत ने अपने पड़ोसी देशों को पीछे छोड़ दिया है। इस लिस्ट में चीन को 33वीं और पाकिस्तान को 79वीं रैंक हासिल हुई है। वही ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी रैंकिंग में अमेरिका पहले पायदान पर है। वही यूके दूसरे, साऊदी अरब तीसरे सिंगापुर और स्पेन चौथे पायदान पर काबिज रहे हैं।

## पृथ्वी पर 113 साल पहले गिरा था विशालकाय एस्टेरायड, आज ऐसी दिखती है यह जगह

**वेब डेस्क ।** यह जगह सौ से अधिक साल से बंजर पड़ी है। आज भी यहां एक भी पेड़ नहीं उग पाया है। इसे इतिहास की सबसे बड़ी एस?टेरॉयड टकराने की घटना माना जाता है। यह जबर्दस्त घटना एक विशाल एस्टेरॉयड (उल्का पिंड) की पृथ्वी से टकराने की थी। इस टक्कर में जमीन में 8 किमी गहरा गड्ढा हो गया। यह जगह सौ से अधिक साल से बंजर पड़ी है। आज भी यहां एक भी पेड़ नहीं उग पाया है। इसे इतिहास की सबसे बड़ी एस्टेरॉयड टकराने की घटना माना जाता है। यह घटना 30 जून, 1908 को रूस के तुंगुस्का में हुई थी जो खगोलीय एवं अंतरिक्ष की दुनिया में तुंगुस्का इवेंट के नाम से ख्यात है। इतना ही नहीं, विश्व में इस दिन को वर्ल्ड एस्टेरॉयड डे के नाम से मनाया जाने लगा। वह कयामत की सुबह थी। लोगों ने धरती पर ही सूर्य के समान बेहद तेज, चमकीली रोशनी देखी। दस मिनट बाद जोरदार धमाके की आवाज आई। यह एक भीषण विस्फोट था। चश्मदीदों के अनुसार यह इतना जोरदार था कि जमीन किसी भूकंप के समान थर्रा उठी।




World Asteroid Day

## मिताली-अश्विन को खेल रत्न की सिफारिश



**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एकदिवसीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज और रविचंद्रन अश्विन का नाम राजीव गांधी खेल रत्न अवॉर्ड के लिए भेजना का निर्णय लिया है। जबकि केएल राहुल, जसप्रीत बुमराह और शिखर धवन के नाम अर्जुन अवॉर्ड के लिए शामिल होंगे। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा हमने बहुत लंबी चर्जा करने के बाद रविचंद्रन अश्विन और महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज का नाम खेल रत्न अवॉर्ड के लिए भेजने का निर्णय लिया। हमने धवन का नाम दोबारा शामिल किया है उनके अलावा केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह के नाम की सिफारिश अर्जुन अवॉर्ड के लिए की है। खेल मंत्रालय ने कुछ दिन पहले राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2021 के लिए आवेदन की तारीख बढ़ाने का फैसला लिया था। इससे पहले नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड के लिए फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख 21 जून थी। खेल मंत्रालय ने 20 मई को राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। जिससे इन पुरस्कारों के योग्य एथलीटों, कोचों, विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं को स्वनामांकन करने और कोरोना वायरस महामारी के कारण लगातार दूसरे साल ऑनलाइन आवेदन करने को कहा गया था। बीते साल क्रिकेटर रोहित शर्मा, महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल, रेसलर विनेश फोगाट, पैरालंपियन मरियप्पन थंगावेलू और टेबिल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा को संयुक्त रूप से खेल रत्न पुस्कार दिया गया था।

# ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी जमीन पर कब्जे की होड़



## न्यायालय के आदेश के बाद भी नहीं हटा सरकारी जमीन से कब्जा, तहसील न्यायालय के आदेश की उड़ रही धज्जियां

**ग्राम पंचायत बडखेड़ा नीम के आश्रित ग्राम पड़रेही का मामला**

कटनी। बहोरीबंद तहसील में इन दिनों सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने की होड़ मची हुई है। कब्जों को हटाने न्यायालय द्वारा जारी किए जा रहे आदेशों के बाद भी कब्जाधारी कब्जा हटाने में रूचि नहीं दिखा रहे। न्यायालय के आदेश को दरकिनार किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत बडखेड़ा नीम के आश्रित ग्राम पड़रेही का सामने आया है। यहां सरकारी भूमि खसरा नम्बर 272 के रकबा 3.43 हेक्टेयर पर बदबदा तालाब था और शेष भूमि खेल मैदान के लिए अधिग्रहित हुई थी। जिस पर ग्राम भटकवा के ग्रामीणों ने विरोध करते हुए शिकायत की थी। शिकायत पर ग्रामीणों ने कुआं ग्राम निवासी कृष्ण नारायण गुप्ता अवैध तरीके से अपने भाई के साथ मिलकर सरकारी भूमि हथियाने का खेल खेला गया। शिकायत के बाद हल्का पटवारी अभिषेक तिवारी द्वारा उक्त स्थल का निरीक्षण किया गया। जहां कब्जा होना पाया गया। जांच प्रतिवेदन तहसीलदार को भेजा गया। मामला तहसील न्यायालय बहोरीबंद में सुनवाई के लिए पहुंचा, जहां तहसील न्यायलय ने विगत 17 जून को उक्त भूमि से 7 दिन में कब्जा हटाकर बेदखली का आदेश जारी किया एवं 2 हजार रुपये का अर्थदण्ड रोपित किया लेकिन बेदखली आदेश की समयावधि विगत 24 जून को बीत जाने के बावजूद भी कब्जाधारी द्वारा शासकीय भूमि से कब्जा नहीं हटाया गया। जिससे ग्रामीणों को अब गांव के युवा प्रतिभाओं के लिए खेल मैदान के लिए भूमि की आवश्यकता होना टेड़ी खीर साबित होगी।

### 5 लाख की लागत से बने खेल मैदान में अतिक्रमण

स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम पंचायत मटवारा में खेल मैदान के निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की राशि राज्य सरकार द्वारा दी गई है, जिसके बाद ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम में ही शासकीय भूमि खसरा नम्बर 276 के रकबा 16 हेक्टेयर जो है, उसमें खेल मैदान का निर्माण कार्य कराया गया। निर्माण कार्य के बाद कुछ दिनों तक गांव के खिलाड़ियों को खेलने की सुविधा मिली, लेकिन उसके बाद बच्चू लाल विश्वकर्मा द्वारा खेल मैदान भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया। कब्जे को हटाने ग्राम पंचायत के द्वारा कई बार कहा गया लेकिन उक्त कब्जा धारी के द्वारा कब्जा नही हटाया।

### एसडीएम को कब्जा हटाने लिखा गया पत्र

ग्राम पंचायत मटवारा के सरपंच द्वारा खेल मैदान भूमि से कब्जा हटाने एसडीएम बहोरीबंद को शिकायत पत्र सौंपा गया, लेकिन खेल मैदान से कब्जा हटाने कोई कदम नही उठाए गए, जिससे कब्जाधारी के हौंसले बुलंद है। यदि कोई कब्जा हटवाने जाता है तो वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस मामले में प्रभारी तहसीलदार स्लीमनाबाद शशांक दुबे का कहना है कि ग्राम पंचायत मटवारा में खेल मैदान भूमि पर कब्जा किये जाने की शिकायत मिली है। इस मामले की जांच कराते हुए कार्रवाई की जाएगी। वहीं तहसीलदार बहोरीबंद विजय द्विवेदी का कहना है कि उक्त मामले में तहसील न्यायालय द्वारा बेदखली आदेश जारी किया गया था। यदि समयावधि में कब्जा धारी द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया तो जल्द शासकीय भूमि से अवैध कब्जे को हटाने की प्रशासनिक कारवाई की जाएगी।



# अंजुम के घर पहुंचकर किया आधार पंजीयन

### दिव्यांग अंजुम का आधार नहीं होने से नहीं मिल पा रहा योजनाओं का लाभ

**कटनी।** शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को सुगमता से मिल सके। इस दिशा में जिला प्रशासन सतत् रुप से प्रयासशील है। इस कार्य में पात्र हितग्राहियों को हर संभव सुविधा मुहैया कराने का कार्य भी किया जा रहा है। कुछ ऐसे प्रकरणों में जहां हितग्राही को किसी कारण योजनाओं और सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता, उन प्रकरणों में संबंधित विभागों की टीम उनके घरों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान भी कर रही हैं। ऐसा ही एक प्रकरण जिला ई-गवर्नेन्स के सहयोग से निराकृत कराया गया है। नगर निगम क्षेत्र के राम निवास सिंह वार्ड निवासी बहुदिव्यांग अंजुम कुरैशी के परिजनों ने अंजुम का आधार नहीं होने शासन की योजनाओं का नहीं मिल पाने की जानकारी जिला ई-गवर्नेन्स कार्यालय में दी। आवेदन के अपनी समस्या बताते हुये अवगत कराया कि अंजुम ना तो चल पाती हैं और ना ही कहीं आने-जाने में समर्थ है। यही कारण है कि अब तक उनका आधार नहीं बन पाया है। जिससे शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। प्रकरण को संवेदनशीलता से लेते हुये जिला प्रबंधक ई-गवर्नेन्स सौरभ नामदेव ने तुरंत ही एक टीम को आधार पंजीयन के उपकरणों के साथ अंजुम के घर पर भेजा। जिसके बाद टीम ने अंजुम के घर पहुंचकर उनके निवास पर ही आधार पंजीयन किया। आधार नंबर आ जाने से अंजुम को विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्रता के अनुसार मिल सकेगा। इसके लिये अंजुम के परिजनों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# गृह जिले में की जाए पटवारियों की पदस्थापना

### मांगों को लेकर संयुक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रान्तीय आव्हान पर कल 29 जून को कटनी जिले में पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष दादूराम पटेल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर श्रीमति नदीमा शीरी को पटवारियों ने सौंपा। पटवारियों की मुख्य मांगों में पटवारियों का ग्रेड पे 2800 किया जाकर समयमान, वेतनमान में पदक्रम के अनुरूप सुधार किया जाये। पटवारियों के स्थानांतरण उनके गृह जिले में किया जाए। सीपीसीटी परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त कर स्थायीकरण किया जाए। यदि मांगे नही मानी गई तो आंदोलन के लिये बाध्य होंगे। ज्ञापन के समय तहसील अध्यक्ष कटनी प्रकाश गुप्ता, ढीमरखेड़ा तहसील अध्यक्ष अशोक सिंह बागड़ी, अनन्त गुप्ता, मदन मोहन राय, चन्द्रशेखर कोरी, अनुज दाहिया, श्रीमति सुजाता सिंह, बरही तहसील प्रतिनिधि मोनिका निषाद, सभी तहसील अध्यक्ष व राघवेन्द्र राजपूत, नीरज झारिया, अभिषेक तिवारी, बृजेश साहू, तेजभान पाल, रविन्द्र कुमार तिवारी, ज्ञानेश्वर तिवारी, राहुल कुमार गौतम, भारतेष सिंह, गणेश सिंह, सुरेन्द्र रजक, संदीप कश्यप, देवेन्द्र कुमार भगत, राकेश गुप्ता, सत्येन्द्र सिंह, अनुज जायसवाल, मनोज कुमार मौर्य, राहुल सेंगर, राहुल गौतम, अतीश सिंह राजपूत, हिमांशु सोनी, बाला कृष्ण पाण्डे, महेन्द्र सिंह के अलावा आदि पटवारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।





## मांगें पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे पटवारी

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी पटवारी संघ ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**विजयराघवगढ़।** प्रदेश के पटवारियों की वर्षों से लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए। इस मांग को लेकर मध्यप्रदेश पटवारी संघ तहसील शाखा विजयराघवगढ़ के सदस्यों ने तहसील अध्यक्ष सुजाता सिंह बघेल के नेतृत्व में 3 सूत्रीय मांगों के संबंध में तहसीलदार जितेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पटवारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं किया गया तो 7 जुलाई से क्रमबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रदेश शासन कई वर्षों से सिर्फ आश्वासन दे रहा है लेकिन कोई मांग पूरी नहीं कर रहा है, जिसे पटवारियों में आक्रोश भड़क रहा है, इसलिए पटवारियों ने एकजुट होकर शासन के खिलाफमोर्चा खोलने की तैयारी कर ली है। इसमें 7 जुलाई से प्रदर्शन शुरू होगा और 10 अगस्त से सभी पटवारी हड़ताल पर चले जाएंगे। तहसील अध्यक्ष सुजाता सिंह बघेल ने बताया कि 7 जुलाई सारा ऐप से लॉगआउट होकर मोबाइल से इंस्टॉल किया जाएगा। 7 से 9 जुलाई काली पट्टी व मास्क लगाकर कार्य किया जाएगा। 2 से 4 अगस्त तीन दिवस का सामूहिक अवकाश लिया जाएगा। 5 अगस्त सारा वेब पोर्टल बेब जीआई यस सहित समस्त ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। 10 अगस्त को अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल शुरू की जाएगी।

# स्कूल शिक्षा मंत्री के बयान का विरोध

### अभिभावक कल्याण संघ ने मुख्यमंत्री से की बर्खास्त करने की मांग

**कटनी।** अभिभावक कल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत पटेल का कहना है कि स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार को अपने पद नाम के आगे प्राइवेट स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार लिखना चाहिए। मध्यप्रदेश के इतिहास में सबसे कमजोर शिक्षा मंत्री अगर कोई है तो वह इंदर सिंह परमार हैं, जो अभिभावकों के घाव पर मलहम लगाने की बजाए उनको खुद मर जाने की सलाह दे रहे हैं। अभिभावक कल्याण संघ ने ऐसे निजी स्कूल माफियाओं की गोद में बैठने वाले शिक्षा मंत्री का विरोध करते हुए उन्हें अपने पद के अनुरूप आचरण करने का निवेदन किया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की है कि ऐसे अभिभावक विरोधी स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त किया जाए। अभिभावक कल्याण संघ कटनी के जिलाध्यक्ष रूपेश पहारिया ने कहा कि इंदर सिंह परमार की शिक्षा एलएलबी है और इतने पढ़े लिखे व्यक्ति के मुंह से इतने घटिया शब्द वह भी अभिभावकों के लिए, निश्चित तौर पर अभिभावकों को उनके द्वारा बनाए गए दो बार के विधायक पर सोचने पर मजबूर करेगी की अगली बार वह उन्हें चुने या नहीं। श्री पहारिया ने कहा कि सत्ता की मद में चूर स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री पहली बार मंत्री बने हैं और मंत्री बनने के बाद उनके तेवर पूरी तरह निजी स्कूलों के पक्ष में रहे, इसलिए अभिभावक कल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि उन्हें राजस्थान के शिक्षा मंत्री से कुछ सीखना होगा और उन्हें यह सीखने के लिए अभिभावक कल्याण संघ मप्र उनको अपने खर्च पर राजस्थान के स्कूल शिक्षा मंत्री के पास प्रशिक्षण पर भेजने के लिए तैयार है।



# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा बाल्मीकि का संगठनात्मक प्रवास

**कटनी।** भाजपा मप्र की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिले की प्रभारी श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी का संगठनात्मक विषयों एवं कार्यों को लेकर कटनी प्रवास हुआ। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा वाल्मीकि का जिला भाजपा कार्यालय में स्वागत किया गया। इस मौके पर अलका जैन, पीताम्बर टोपनानी, भावना सिंह एवं अन्य कार्यकर्ताओं सम्मलित रहे। जिला कार्यालय में श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि ने संगठनात्मक कार्यों के विषयों पर चर्चा उपरांत उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण किया, साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ कोरोना काल में भाजपा परिवार से जुड़े ऐसे घरों में जिनके परिवार में दुखद निधन हुआ है, उनके निवास पर जाकर शोक व्यक्त किया। श्रीमती बाल्मीकि भाजपा कार्यकर्ता अभिषेक मोगरे के निवास पर जिनके माता-पिता सदन मोगरे, श्रीमती संध्या मोगरे एवं दादी का निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री सोनी के निधन पर उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, पूर्व मंत्री अलका जैन, वरिष्ठ नेता चेतन हिंदुजा, सुरेश रोचलानी, युवा मोर्चा अध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष वागीश आनंद, महिला मोर्चा अध्यक्ष भावना सिंह, किरण जैन, सचिन तिवारी, सौरभ अग्रवाल, मयंक गुप्ता, विमल साहू, बल्ली सोनी, सोनू बहरे, गुड्डू विश्वकर्मा, विष्णुशंकर मिश्रा आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# जेल प्रहरी के पदों के लिये शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट 12 से 16 जुलाई तक

**कटनी।** मध्यप्रदेश प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड भोपाल की जेल प्रहरी भर्ती के लिये लिखित परीक्षा 11 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2020 को ऑनलाईन आयोजित की गई थी। जिसका परीक्षा परिणाम भी 10 अप्रैल को घोषित कर दिया गया है। जेल प्रहरी के सफ्ल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा, जिसमें शारीरिक नामजोख एवं प्रवीणता टेस्ट होगा, जिसे जेल विभाग द्वारा स्वयं लिया जायेगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों को शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरु स्टेडियम, पुलिस परेड ग्राउण्ड भोपाल में 12 जुलाई से 16 जुलाई 2021 तक आयोजित किया जायेगा। इस संबंधित विस्तृत विवरण प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड भोपाल की वेबसाईट पर उपलब्ध है। क्वालीफाईड अभ्यर्थी वेबसाईट पर उपलब्ध प्रपत्रों को निकालकर नियत तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट के लिये उपस्थित हो सकते हैं।

श्री राम हॉस्पिटल
श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे
D.ORTHO, DNB
कटनी के सुप्रसिद्ध
हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ. कनिका अग्रवाल
MBBS., DDV
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई
त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ
मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध

डॉ. जाकिर हुसैन
MBBS. MD. DM.
मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
महिने के पहले रविवार को उपलब्ध

डॉ. अनिमेश गुप्ता
MBBS. MD. DM.
हृदय रोग विशेषज्ञ
महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध

24/7
दवाईयाँ
एम्बुलेंस
कैंटीन
पार्किंग

उपलब्ध विभाग
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी

हेल्पलाईन नं.8982275111

उपलब्ध सुविधायें
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# ग्राम पिपरिया परौहा व पटौंहा में शत-प्रतिशत वेक्सीनेशन





## ग्रामवासियों के सहयोग और कार्य में जुटी टीम की मेहनत से मिला परिणाम

**कटनी।**

वेक्सीनेशन महा-अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुये रीठी विकासखण्ड की दो ग्राम पंचायतें जिले में नजीर के रुप में सामने आई हैं। यहां बाशिंदों ने जिले के हर एक नागरिक के सामने अपने आप को मिसाल के रुप में सामने रखा है। इन दोनों ही ग्राम पंचायतों में कोरोना संक्रमण से बचाव की इस लड़ाई में शतप्रतिशत कोविड टीकाकरण कराकर सम्पूर्ण ग्राम पंचायत को सुरक्षा का कवच प्रदान किया है। ग्रामीणों की जागरुकता और प्रशासनिक अमले की मेहनत का ही परिणाम रहा कि पहले जहां 26 जून को रीठी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पिपरिया परौहा शतप्रतिशत व्यक्तियों के कोविड वेक्सीनेशन वाली पहली ग्राम पंचायत बनी। वहीं टीम भावना के साथ काम करने का सार्थक परिणाम पटौंहा ग्राम पंचायत में भी सामने आया। रीठी विकासखण्ड की ही ग्राम पंचायत पटौंहा जिले की ऐसी दूसरी ग्राम पंचायत बनी है, जहां पात्र सौ फीसदी व्यक्तियों कोरोना से बचाव के लिये टीका लगाया जा चुका है।

सीईओ जनपद प्रदीप सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि पिपरिया परौहा ग्राम पंचायत में मतदाता सूची के अनुसार 1806 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें से 45 से अधिक आयु के 573 व्यक्ति हैं। वहीं 18 से 45 आयुवर्ग के 1233 वयस्क नागरिक हैं। इनमें से 36 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है। 20 गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। 121 स्थायी रुप से ग्राम से बाहर हैं। 28 धात्री महिलायें हैं और 23 गर्भवती महिलायें हैं। 6 व्यक्ति विगत समय में कोरोना पॉजीटिव हुये थे। शेष बचे 1572 नागरिकों का वेक्सीनेशन शतप्रतिशत किया जा चुका है। पिपरिया परौहा ग्राम पंचायत में सौ फीसदी वेक्सीनेशन के लिये ग्रामीणों की जागरुकता, स्थानीय स्वयंसेवी संगठन, ग्राम पंचायत के युवा और ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के साथ ही राजस्व विभाग की टीम रही। सभी ने मिलकर आपसी सामन्जस्य से एक दूसरे और गांव के हर पात्र व्यक्ति को प्रेरित करके टीकाकरण कराया। जिसका ही परिणाम रहा कि पिपरिया परौहा ग्राम पंचायत जिले की पहली शतप्रतिशत वेक्सीनेशन वाली ग्राम पचांयत बनकर सामने आई।

रीठी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पटौंहा में भी पात्र सभी लोगों का टीकाकरण 28 जून सोमवार को पूरा हुआ। सीईओ जनपद श्री सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत पटौंहा में मतदाता सूची के अनुसार 1111 मतदाताओं की संख्या है। इनमें 45 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के 389 और 18 से 45 वर्ष आयु के 722 वयस्क नागरिक हैं। जिसमें से 15 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है। 25 गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। 125 स्थायी रुप से ग्राम से बाहर हैं। 16 गर्भवती महिलायें हैं। 10 व्यक्ति विगत समय में कोरोना पॉजीटिव हुये थे। शेष बचे 920 नागरिकों का वेक्सीनेशन शतप्रतिशत किया जा चुका है।

### वेक्सीनेशन महा-अभियान के लिये घर-घर जांकर हल्दी चावल देकर किया आमंत्रित

ग्राम पंचायत पटौंहा के सरपंच नरेश राय ने ग्राम पंचायत में शत-प्रतिशत वेक्सीनेशन के लिये इस कार्य में जुटी पूरी टीम को इसका श्रेय दिया है। उन्होने बताया कि ग्राम के हर एक घर में जाकर ग्रामीणों को हल्दी और चावल भेंट कर लोगों को प्रेरित किया और वेक्सीनेशन के इस महा-अभियान में उन्हें आमंत्रित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सचिव, जीआरएस, एएनएम, आशा सहित अन्य लोगों का पूरा सहयोग रहा। साथ ही ग्रामीणों ने सहर्ष इस आमंत्रण को स्वीकार कर कोविड संक्रमण से बचाव के लिये वेक्सीनेशन के रूप में अपना सुरक्षा कवच भी पाया है।



# चमन को लूटने वाले अमन की बात करते हैं

### अनलॉक के बाद काव्य गोष्ठी का आयोजन

**कटनी।** कोरोना के भयावह कहर से कवियों ने भी अपने आप को अनलॉक किया। कवि गोष्ठी का संचालन करते हुए गज़लकार गोकुल जाटव ने कहा- चमन को लूटने वाले अमन की बात करते हैं ए किसी भी फूल से पूछो कहां सबकी हिफाज़त है। शंभू सोनी ने कहा- बड़े भयावह से दिखते हैं, खुद को जनप्रिय लिखने वाले। अनिल मिश्र ने कहा- नेह भरा उपहार हमारे हिस्से लिख दो ए जीने का आधार हमारे हिस्से लिख दो। शिवानंद पटेल ने कहा- ऊंचाई हुई इतनी गगन को भी छू लो, बढ़ो खूब आगे फलो और फूलो, भले पद प्रतिष्ठा हो जितनी बड़ी जीवन में लेकिन सहजता ना भूलो। कार्यक्रम अध्यक्ष रूद्र नारायण मिश्र कानपुर ने कहा- तप्त मौसम ने बनाए हर तरफ़ जब ठांव ए याद फिर आने लगे अमराइयों के गांव। हास्य कवि शरद जायसवाल ने कहा- बाज़ार से लाए वो मक्खियां समेट कर, नमकीन थे कभी मीठे की शक्ल है।

## विजयराघवगढ़ क्षेत्र के साप्ताहिक बाजारों को खोले जाने की मांग

**विजयराघवगढ़। विजयराघवगढ़** क्षेत्र की बाजारों पर निर्भर लगभग 60 प्रतिशत आबादी के 15000 परिवार छोटे व्यापारी जिनकी रोजी.रोटी साप्ताहिक बाजारों पर ही निर्भर है। साप्ताहिक बाजारों के न खुलने से लोगों को सब्जी, किराना, कपड़ा एवं रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न होने के कारण लोगों को ओने पौने दाम में खरीदी करना पड़ता है। ज्ञात हो कि क्षेत्रीय साप्ताहिक बाजार कैमोर, विजयराघवगढ़, सिंनगोड़ी, बरही, खितौली, मेहगांव, कारीतलाई, बंधी आदि स्थानीय बाजारों पर क्षेत्र के गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोग निर्भर रहते हैं। जिले के कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से अपेक्षा है की क्षेत्रीय जनों की समस्याओं से निजात दिलाए जाने हेतु उपरोक्त साप्ताहिक बाजारों को नियमानुसार कार्यवाही कर अभिलंब खोलने हेतु आदेशित करें।

# कारीतलाई में उत्साह के साथ टीकाकरण





**विजयराघवगढ़।** कोविड.19 संक्रमण से निजात दिलाए जाने हेतु टीकाकरण अभियान में प्रशासन के निर्देशन पर ग्राम पंचायत कारी तलाई के समीपी ग्राम कर्णपुरा, कुसमा, खैरहाई, बसोधा मुहल्ला के 18 वर्ष व अधिक आयु के सैकड़ों लोगों न वैक्सीन का टीका लगवाने जागरूकता दिखाते हुए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर एएनएम शोभा बावरिया, सीएचओ प्रियंका ताम्रकार, सतीश शुक्ला, पार्वती शुक्ला, पंकज गौतम, ग्राम पंचायत सरपंच राम सुजान पटेल, सचिव आमोद पटेल, सहायक सचिव शिवम जायसवाल, एम पी विश्वकर्मा, विक्रम उरमलिया, महेश साहू, संजय सोनी की उपस्थिति रही।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक कल

**कटनी। अपर** कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने बताया कि राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन 1 जुलाई को होगा। यह बैठक प्रातः 11 बजे से आयोजित होगी। संबंधित अधिकारियों को इस बैठक में निर्धारित एजेण्डानुसार आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### आवश्यकता है

नालंदा विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के अंतर्गत बी.एड. पाठ्यकम हेतु महाविद्यालय में परिनियम कॉलेज कोड 28 के तहत नियुक्ति के लिये निम्नलिखित सहा. प्राध्यापकों की आवश्यकता है। आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति , दो पासपोर्ट आकार की फोटो एवं आवेदन पत्र महाविद्यालय के कार्यालय में 7 दिवस के अंदर जमा करें।

| क. | पद विवरण | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 01 | सहा.प्राध्यापक (शिक्षा के परिप्रेक्ष में /आधार पाठ्यकम) | 03 | सामाजिक विज्ञान के किसी भी विषय में 55% अंको के साथ स्नातकोत्तर उपाधि. एवं एम.एड. 55%अंकों के साथ अनिवार्य है। |
| 02 | सहा.प्राध्यापक (शिक्षण विषय–सा. विज्ञान) | 02 | संबंधित विषय में 55% अंको के साथ स्नातकोत्तर उपाधि एवं एम.एड 55%अंकों के साथ अनिवार्य है। |
| 03 | सहा. प्राध्यापक गणित | 01 | संबंधित विषय में 55% अंको के साथ स्नातकोत्तर उपाधिएवं एम.एड 55%अंकों के साथ अनिवार्य है। |

नोट:– उपरोक्त पदो के लिये चयन UGC/NCTE के नियमों के आधार पर किया जायेगा। चयन प्रकिया में आरक्षण एवं म.प्र. शासन के नियमों का पालन अनिवार्य रुप से किया जायेगा । आवेदक अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय के प्राचार्य के पते पर 7 दिवस के अंदर स्वयं या डाक के माध्यम से अथवा ई–मेल के माध्यम से सत्यापित दस्तावेज के साथ जमा करें।

प्राचार्य:– नालंदा विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय
महाराणा प्रताप वार्ड,झिंझरी,एन.एच.–7,कलेक्ट्रेट के पास,(म.प्र.)–483501
संपर्क–9752540630,7898908524
ई–मेल आई.डी. principalnalandacollegekatni@yahoo.co.in

### नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है कि विवाह के पूर्व मेरा नाम **मंजु रानी** पिता स्व. श्री भगवानदास सराफ था, जो कि विवाहोपरांत बदलकर **श्रीमति मंजुलता अग्रवाल** पति श्री विजय कुमार अग्रवाल हो गया है। अतः आज से मुझे मेरे इसी नाम से जाना-पहचाना जावे एवं समस्त दस्तावेजों में यही नाम दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम- मंजु रानी**
**नया नाम- श्रीमति मंजुलता अग्रवाल**
**पता- जे-8 हाउसिंग बोर्ड कालोनी, कटनी (म.प्र.)**

### किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

### एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

### कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी

फोन : 07622-227417 (कार्या.), Email: dfotktn@mp.gov.in
महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.-7, जबलपुर रोड़ झिंझरी कटनी (म.प्र.) 483501

**निविदा विज्ञप्ति**

वर्ष 2021-22 में वनमंडल कटनी (सामान्य) के अंतर्गत विभिन्न परिक्षेत्रों में किये जाने वाले भवन निर्माण कार्य, भवन मरम्मत कार्य, वृक्षारोपण कार्यों एवं अन्य कार्यों में उपयोग हेतु विनिर्माताओं/उत्पादकों अथवा उनके विकेताओं से सामग्री प्रदाय हेतु सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म प्रत्येक सामग्री के लिये अलग-अलग प्रस्तुत किया जाना है। प्रत्येक सामग्री हेतु फार्म की कीमत 500/- (पांच सौ रू. मात्र) नगद/बैंक ड्राफ्ट के रूप में देय होगी। निविदा शर्तें निविदा फार्म में उल्लेखित अनुसार होंगी। निविदा फार्म कार्यालयीन समय पर अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से दिनांक 12.07.2021 को दोपहर 1.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदाए कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, वनमण्डल कटनी सामान्य में दिनांक 14.07.2021 को दोपहर 2.00 बजे तक जमा की जावेगी, तथा प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दिनांक 14.07.2021 को दोपहर 3.00 बजे से खोली जावेंगी। सामग्री की मात्रा निम्नानुसार अनुमानित दर्शित है। इसके अतिरिक्त नए स्थलों में अतिरिक्त मात्रा की आवश्यकता होने पर वनमंडल से 60 कि.मी. की दूरी के अंतर्गत स्वीकृत दर पर ही निविदाकार को सामग्री प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा। निविदाकार को प्रत्येक सामग्री हेतु पृथक-पृथक निविदा के साथ राशि रू0 20,000/- (अंकन बीस हजार) का बैंक एफ.डी.आर./डिमांड ड्राफ्ट जो कि वन मंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा, उक्त के उपरान्त ही निविदाकार की निविदा मान्य की जावेगी। निविदाकार निविदा का प्रारूप एवं विस्तृत शर्तें वन विभाग की अधिकृत वेबसाइड www.mpforest.gov.in पर भी देख कर निविदा फार्म डाउनलोड कर अपनी निविदा उपरोक्त उल्लेखित राशि के बैंक एफ.डी.आर./ डिमांड ड्राफ्ट जो कि वन मंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी के नाम से देय संलग्न कर प्रस्तुत कर सकते है। सामग्री से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं निविदा फार्म वन विभाग की अधिकृत वेबसाइड www.mpforest.gov.in में दी गई है।

**टीप:**- उक्त नियत तिथि को निविदा प्राप्त न होने अथवा स्वीकृत न होने की स्थिति में आगामी निविदा तिथि निम्नानुसार होगी :-

| क्र. | आगामी निविदा दिनांक | निविदा फार्म प्राप्त करने का दिनांक/समय | निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक/समय | निविदा खोलने का दिनांक/समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20.07.2021 | दिनांक 16.07.2021 को कार्यालयीन समय में | 20.07.2021 को दोपहर 2.00 बजे तक | 20.07.2021 को दोपहर 3.00 बजे स |

**निविदा में आमंत्रित सामग्री का विवरण इस प्रकार है :-**

| क्र. | स्थल एवं परिक्षेत्र जहां सामग्री प्रदाय की जाना है। | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 1. परिक्षेत्र कटनी वनरक्षक आवास कटंगीकला | सीमेन्ट 53 ग्रेड आई.एस.आई. मार्क | 1300 बैग |
| 2 | | लोहा माईल्ड टेस्टेड (कि.ग्रा.) आई.एस.आई. मार्क | 7572 कि.ग्रा. |
| 3 | | रेत (घ.मी.) | 157 घ.मी. |
| 4 | 2. परिक्षेत्र बड़वारा परिक्षेत्र सहायक आवास कुंआ | काली गिट्टी (घ.मी.) 40 एम.एम./20 एम.एम. | 106 घ.मी. |
| 5 | | ईंट खुले भट्टे या पजावा साइज 20X10X10 Cm. नग में | 127848 नग |
| 6 | | हार्ड मुरूम/मिट्टी घ.मी. | 121 घ.मी. |
| 7 | 3. परिक्षेत्र विजयराघवगढ, वनरक्षक आवास सिमरिया | टाईल्स<br>600 X 600 Mm 80 box<br>300 X 450 mm 20 Box | <br>160 बॉक्स<br>40 बॉक्स |
| 8 | 4. परिक्षेत्र रीठी वनरक्षक आवास ईमलिया | दरवाजा चौखट (सतकठा)<br>36X7'0X4"X3"<br>29 X 7'0 X 4"X3" | <br>12 नग<br>16 नग |
| 9 | | खिड़की चौखट (सतकठा)<br>5'0 X 46X4"X3"<br>4'0X46X4"X3"<br>3'0X46X4"X3" | <br>12 नग<br>8 नग<br>4 नग |
| 10 | | रोशनदान चौखट (सतकठा)<br>20 X 16X4"X3" | 12 नग |
| 11 | | दरवाजा पल्ला फ्लस डोर<br>3'6X 70<br>29X70 | <br>12 नग<br>16 नग |
| 12 | | खिड़की पल्ला फ्लस डोर<br>5'0X4'6<br>4'0X46<br>3'0X46 | <br>12 नग<br>8 नग<br>4 नग |
| 13 | | रोशनदान पल्ला कांच सहित<br>20 X 16 | <br>12 नग |
| 14 | | गोबरखाद घ.मी. | 1000 घ.मी. |

G13907/21 दो गज की दूरी, मास्क है जरुरी।

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल कटनी



# फिर प्रभारी सीएमओ को कैमोर का प्रभार

**कैमोर। पिछले सात-आठ महीने से कैमोर नगर परिषद का काम-काज प्रभारियों के भरोसे चल रहा, नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा यहां पूर्णकालिक सी एम ओ की पदस्थापना नही की जा रही। कलेक्टर कभी बरही सीएमओ को तो कभी विजयराघवगढ़ सीएमओ को कैमोर का प्रभार सौंप रहे। अभी 21 जून को ही कलेक्टर के आदेश पर परिवीक्षाधीन आईएएस सहायक कलेक्टर आर. अंजली ने कैमोर सीएमओ का प्रभार सम्हाला था पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के लिए उन्हें चार दिन बाद ही भारमुक्त करना पड़ा। अब कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नए आदेश जारी कर विजयराघवगढ़ सीएमओ पूजा बुनकर को कैमोर का प्रभारी सीएमओ बना दिया है। विजयराघवगढ़ के साथ-साथ वे अब कैमोर नगर परिषद का भी काम-काज देखेंगी।**

## चार दिन बाद ही भारमुक्त हुई आर अंजली, अब विजयराघवगढ़ सीएमओ देखेंगी कैमोर का काम-काज

उल्लेखनीय है कि पिछले साल सितंबर के आखिरी सप्ताह में राज्य शासन नगरीय प्रशासन द्वारा कैमोर में पदस्थ सीएमओ लालजी ताम्रकार का तबादला उनकी मूल पदस्थापना वाले अनूपपुर जिले के लिए कर दिया गया था। इस आदेश को सीएमओ श्री ताम्रकार ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी पर उन्हें स्थगन नहीं मिला हालांकि उनकी याचिका पर सुनवाई चलती रही। लालजी ताम्रकार के भारमुक्त हो जाने के बाद बरही के सीएमओ अभयराज सिंह को कैमोर का भी प्रभार सौंपा गया पर वे कैमोर में समय नहीं दे पाए। पारवारिक कार्यो के कारण उन्होंने बरही से भी अवकाश ले लिया। इस बीच कैमोर सीएमओ का प्रभार स्वच्छता निरीक्षक पृथ्वी राज सिंह के पास रहा।

इसी महीने 18 जून को कलेक्टर ने एक आदेश जारी कर कटनी जिला मुख्यालय आई परिवीक्षाधीन आईएएस सहायक कलेक्टर आर. अंजली को कैमोर का प्रभारी सीएमओ नियुक्त कर दिया। यह नियुक्ति टेम्परेरी थी, आदेश में कहा गया था कि राज्य शासन द्वारा पूर्णकालिक सीएमओ के पदस्थापना आदेश जारी होते ही यह पदस्थापना स्वमेव निरस्त हो जाएगी। कलेक्टर के आदेश के परिपालन में सहायक कलेक्टर आर अंजली ने 21 जून को कैमोर पहुंच कर सीएमओ का प्रभार ग्रहण कर लिया था इसी बीच उनके राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के आदेश आ गए जिसके चलते प्रभार सम्हालने के चार दिन बाद 25 जून को ही उन्हें भारमुक्त होना पड़ा।

आर अंजली के भारमुक्त होने के बाद अब 28 जून को पुनः एक आदेश जारी कर कलेक्टर ने विजयराघवगढ़ सीएमओ पूजा बुनकर को कैमोर नगर परिषद का भी प्रभार सौंप दिया है। पूजा बुनकर अब विजयराघवगढ़ के साथ-साथ कैमोर का भी प्रभार सम्हालेंगी।

### प्रभावित हो रहीं सेवाएं, परेशान हो रहे लोग

नगर परिषद में पूर्णकालिक सीएमओ के नहीं होने और प्रभारी अधिकारियों द्वारा पर्याप्त समय नहीं दिए जाने से कैमोर में नगर परिषद द्वारा नियमित रूप से दी जाने वाली सेवाएं प्रभावित हो रहीं। लोग अपने काम लेकर नगर परिषद कार्यालय आते हैं पर उन्हें सीट पर कोई अधिकारी नहीं मिलता। पहले सीएमओ से काम कराने लोगों को बरही जाना पड़ता था अब विजयराघवगढ़ जाना पड़ेगा। लोगों को परिषद से मिलने वाली सेवाएं और सुविधाएं बिना किसी परेशानी के मिलती रहे इसके लिए यहां पूर्णकालिक सीएमओ की पदस्थापना जरूरी है।

### वैक्सीनेशन सेंटर में नहीं था पानी का इंतज़ाम

कैमोर के एसीसी मिडिल स्कूल में वैक्सीन सेंटर संचालित है। प्रतिदिन यहां सैकड़ों की संख्या में लोग वैक्सीन लगवाने आते थे। भीड़ अधिक हो जाने के कारण लोगों को घण्टों कतार में खड़े रह कर अपनी बारी का इंतज़ार करना पड़ता था। गर्मी में प्यास से बेचैन लोगों को सेंटर में पानी मिल सके इसकी व्यवस्था भी परिषद की ओर से नहीं की गई, जब परिषद का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया तब जिम्मेदार अधिकारियों ने टैंकर उपलब्ध कराने की बात कही। पानी का कंटेनर मंगवाने तक में उन्होंने असमर्थता जताई। हालत को देखते हुए समाजसेवी संगठनों ने अपनी तरफसे पानी के कंटेनर मंगवा कर रखवाए।

### विधायक से किया गया अनुरोध

कैमोर नगर परिषद के अनेक पूर्व पार्षदों सहित नागरिकों ने विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए उनसे आग्रह किया है कि वे राज्य शासन नगरीय प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर कैमोर नगर परिषद में शीघ्र पूर्णकालिक सीएमओ की पदस्थापना कराएं ताकि लोगों को नगर परिषद की सेवाओं का लाभ नियमित रूप से मिलता रहे।



# गरीब कन्या के विवाह में दिया दहेज का सामान

कटनी। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामाजिक संगठन द्वारा एक गरीब कन्या के विवाह में दहेज का सामान दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास पटेल के निर्देशानुसार समाजसेवी कार्य किया जाता है। प्रदेश प्रभारी आराधना तिवारी, जिलाध्यक्ष ममता गर्ग, लता खरे, शोभना खंभालिया, मंजू सिंह ज्योति तिवारी, मीना राजावत, सुमन पांडे, सारिका सोनी, मीना सोनी, दीपा पांडे सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

# नाली के निर्माण में खुलेआम हो रही अनियमितताएं


## कटनी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बंडा के बिछिया का मामला,ग्रामीणों ने की कलेक्टर व सीईओ से शिकायत



**कटनी।** अनलॉक होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा और अन्य विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इन निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही है। इसके बावजूद न तो जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जा रही है और न ही जिला पंचायत के अधिकरारियों द्वारा, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ऐसा ही एक मामला कटनी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंडा के ग्राम बिछिया में सामने आया है, जहां पिछले कुछ दिनों से नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमे व्यापक पैमाने पर अनियमितताएं बरती जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि सरपंच और निर्माण एजेंसी की मिलीभगत से नाली निर्माण कार्य में मापदंडों को ताक पर रख दिया गया है। टेंडर में शामिल शर्तों को दरकिनार करते हुए मापदंडों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि कटनी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंडा के ग्राम बिछिया में अनुमानित दो लाख रूपए की लागत से नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसकी लंबाई करीब 60 से 100 मीटर है। नाली का निर्माण विजय यादव के घर से पानी की टंकी के पास तक हो रहा है। नाली निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सरपंच गनेश सोनी पर अनियमितताएं बरतने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं जिला पंचायत के सीईओ जगदीश चंद्र गोमे से कार्यवाही की मांग की है।

# एशिया पेसिफिक रीजन मैसेंजर ऑफ पीस वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में 5 प्रतिभागी शामिल

**कटनी।** एशिया पेसिफिक्र रीजन द्वारा मैसेंजर ऑफ पीस प्रोजेक्ट के 10 वर्ष पूर्ण होने पर वर्चुअल कॉन्फ्रेंस का अयोजन 24 जून से 27 जून तक ऑनलाईन किया गया। जिसमें भारत देश से 150 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इन 150 प्रतिभागियों में कटनी जिले के भी 6 प्रतिभागी शामिल हुये। वर्चुअल कॉन्फेंस का सीधा प्रसारण फेसबुक और यूटयूब एवं जूम के माध्यम से किया गया। वर्चुअर कॉन्फ्रेंस में कोविड महामारी में स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा युनिट स्तर, विश्व स्तर पर क्या क्या गितिविधियां की गई, किस प्रक्रार स्काउट गाइड द्वारा समाज में कार्य किया। साथ ही जिला स्तर पर विभिन्न कार्याक्रमो का आयोजन किया गया और विश्व स्तर पर स्काउट गाइड की गतिविधियां संचालित होती है, इसके सवंध में भारत सहित अन्य देशों के द्वारा प्रस्तुति करण किया गया गया। जिसके बाद वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों से फीडवैक प्राप्त किये गये। साथ ही प्रोजैक्ट संचालन में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिये सुझाव भी दिये गये। जिससे आगामी समय में मैसेंजर ऑफ पीस प्रोजेक्ट को अधिक से अधिक स्काडट गाइड तक पंहुचाया जा सके। वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में कटनी जिले से 6 प्रतिभागियों का चयन किया गया। इनमें ललित कुमार मिश्रा जिला संगठक एवं जिला कोडीनेटर एमओपी, शुभांषु कुमार कोरी रोवर लीडर, आरती कोरी रेंजर लीडर, कुणाल गौतम रोवर, रिया कन्नौजिया रेंजर, पूजा जायसवाल रेंजर शामिल हुये। इनके द्वारा भारत देश की ओर से एशिया पेसिफिक रीजन मैसेंजर ऑफ पीस वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में भाग लिया गया।



# निगमायुक्त ने किया कम्युनिटी हॉल का निरीक्षण



**कटनी।** नगर में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार तथा समय समय पर जिला चिकित्सालय के माध्यम से होनें वाले टीकाकरण कार्यक्रमों हेतु में निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा निगम के अधिकारियों के साथ आज प्रातः नगर निगम स्थित कम्यूनिटी हॉल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्री धाकरे ने भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं को दृष्टिगत रखते हुए कम्यूनिटी हॉल के एक हिस्से को स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु विकसित करने तथा कुछ हिस्से को निगम उपयोग हेतु कम्प्यूटर शाखा के रूप में विकसित करानें के निर्देश प्रदान किये गए। इस दौरान कम्यूनिटी हॉल में रखे प्लास्टिक के डिब्बों का उपयोग स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत कबाड से जुगाड के तहत किये जाने, हॉल की साफ सफाई, धुलाई सीलिंग का कार्य एवं पुताई कराकर विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त करनें के निर्देश भी प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, उपयंत्री संजय मिश्रा, जे.पी.सिंह बघेल साहित प्र.कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटैल उपस्थिती रही।

# जागरूकता के लिए रैली, मोहल्ला सभा एवं पेंटिंग प्रतियोगिता

## स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियां शुरू

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की गतिविधियों से आमजनों को अवगत कराकर नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें में सहयोग प्रदान करनें के उद्वेश्य से कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर के विभिन्न स्थलों में रोजाना जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कराया जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम की सहयोगी संस्था द्वारा विगत दिवस महात्मा गांधी वार्ड की विभिन्न गलियों में जनजागरूकता रैली के माध्यम से स्वच्छता संबंधी विषयों पर अवगत कराया गया। पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड स्थित बजरंग नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एवं वंशस्वरूप वार्ड में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत सेप्टिक टेंक और सीवर की सुरक्षित सफाई के चार नियमों नियमित सफाई एवं अनुरक्षण, अधिकतम यंत्रीकरण, निर्धारित नियमों और प्रणाली का पालन एवं सुरक्षा उपकरण की जानकारी से आमजनों को अवगत करानें करानें हेतु घर घर दस्तक अभियान एवं मोहल्ला सभा आ आयोजन किया जाकर सेप्टिक टैंक की सुरक्षित सफाई कराने एवं असुरक्षित सफाई होते पाये जानें की सूचना टोल फ्री नंबर 14420 पर देने की अपील की गई।




# जिले में अब तक 157.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 29 जून तक 157.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 151.0 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 29 जून 2021 तक तहसीलवार जिले के वर्षामापी केन्द्र कटनी में 86.4 मिलीमीटर, रीठी में 109.2, बड़वारा में 173.0, बरही में 315.0, विजयराघवगढ़ में 220.0, बहोरीबंद में 161.1, स्लीमनाबाद में 95.0 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 105.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे औसतन 0.2 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज हुई। जिसमें तहसीलवार 29 जून को हुई वास्तविक वर्षा के अनुसार कटनी में, रीठी, बड़वारा में निरंक, बरही, विजयराघवगढ़ और स्लीमनाबाद में निरंक वर्षा दर्ज की गई है। वहीं बहोरीबंद में 0.5 और ढीमरखेड़ा में 1.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

## बाजार मूल्य गाइडलाइन 15 जुलाई तक बढ़ी

**कटनी।** राज्य शासन ने वर्ष 2020-21 की प्रभावी बाजार मूल्य गाइडलाइन की अवधि 30 जून से बढ़ा कर 15 जुलाई 2021 कर दी गई है। वाणिज्यिक कर विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। शासन द्वारा मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्वातों के पुनरीक्षण नियम 2018 के नियम-12 में प्रदत्त शक्तियों के अर्तगत 2020-21 की प्रभावी बाजार मूल्य गाइडलाईन की समयावधि 15 जुलाई 2021 तक बढ़ाई गई है।

# सार्वजनिक स्थलों सहित मलिन बस्तियों के मुख्य मार्गों एवं नालियों की सफाई का कार्य







**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु रोजाना प्रातः से प्रयास किये जा रहे है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा आज प्रातः नदीपार स्थित बस स्टेण्ड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए निरीक्षण के दौरान पुराने सुलभ शौचालय की सफाई व्यवस्था को दृरूस्त रखनें, शौचालय के आसपास रिक्त भूमि में व्याप्त गंदगी की सफाई कराये जाने तथा बस स्टेण्ड की सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित कया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि नगर की क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों एवं वार्ड दरोगाओं की उपस्थिति में रोजाना प्रातः से सफाई कार्य का निरीक्षण किया जाकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये जा रहे है। प्रातःकालीन नगर की सफाई व्यवस्था के तहत बाल गंगाघर तिलक वार्ड स्थित इंदिरा नगर गली नंबर 6 के सार्वजनिक मार्ग, बस स्टेण्ड के विभिन्न स्थलों, मिशन चौक, राजीव गांधी वार्ड स्थित खिरहनी फाटक ओव्हर ब्रिज मुख्य मार्ग एवं वार्ड की अन्य गलियों, रधुनाथ गंज वार्ड स्थित झंडा बाजार के विभिन्न स्थलों, स्टेट बेंक तिराहा मुख्य मार्ग, एम.जी.एम हॉस्पिटल रोड, कावस जी वार्ड स्थित भीमराव चौक से विवेकानंद चौक तथा गढढा टोला मलिन वंशकार बस्ती की सार्वजनिक सडकों की सफाई, कटाए घाट मोड के बाजू से हनुमान जी के मंदिर के पास के स्थल से कचरे एवं घांस की कटाई उपरान्त सफाई का कार्य, कुठला सब्जी मंडी से ट्रांसपोर्ट नगर तक तथा बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे तथा द्वारका सिटी गेट के पास के मुख्य मार्गो के डिवाईडर के दोनों ओर की धूल मिट्टी की सफाई उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य किया गया।

## वर्षा पूर्व निरंतर जारी नाले नालियों की सफाई का कार्य

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में वर्षा पूर्व नगर के समस्त बडे एवं छोटे नाले नालियों की सफाई के प्रयास अनवरत जारी है। नगर के नाले नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत आज प्रातः इंदिरा गांधी वार्ड स्थित बस स्टेण्ड एवं अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य, जालपा देवी वार्ड में लक्ष्मी धर्मशाला रोड की नालियों कीं सफाई कावसजी वार्ड स्थित मलिन वशकार बस्ती की नालियों की सफाई, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित राजकुमार किराना स्टोर वाली गली की नालियों, लखेरा रोड वेस्टलैंण्ड के समानें नाले में जमा मलमे की सफाई सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर अपशिष्ट को बाहर निकाला गया।

# सेनेटाईजेशन अभियान चलाकर विभिन्न स्थलों को किया गया विसंक्रमित

**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालनन में कोरोना संक्रमण के प्रसार पर पूर्ण रूप से लगाम लगानें हेतु एवं नागरिकों की सुविधा हेतु रोजाना चलाये जा रहे सैनेटाईजेशन अभियान के तहत आज प्रातः नगर के विभिन्न स्थलों बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित गली नंबर 1 एवं 2 के विभिन्न स्थलों, पन्ना मोड सांई बाबा मंदिर के सामनें मल्टी परिसर, शिवाजी नगर गली नंबर 6 एवं 7 के विभिन्न स्थलों बस स्टेण्ड स्थित ऑडिटोरियम परिसर तथा मुक्तिधाम स्थित शिव मंदिर के पास कोरोना विनाशक रथ के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करने की कार्यवाही की गई।



# नर्सों की कामबंद हड़ताल, लड़खड़ाई स्वास्थ्य सेवाएं

## पुरानी पेंशन स्कीम, दो वेतन वृद्धि एवं अस्थाई नर्सेस को नियमित किए जाने की मांग



**कटनी।** पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, दो वेतनवृद्धि एवं अस्थाई रूप से भर्ती नर्सेस को नियमित किए जाने सहित 12 सूत्रीय मांगों को लेकर नर्सेस एसोसिएशन मप्र के प्रांतव्यापी आव्हान पर नर्सों ने आज से अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल की वजह से जिला चिकित्सालय व ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गई हैं, हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने हड़ताल के पहले वैकल्पिक व्यवस्थाएं किए जाने का दावा किया है। सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा का कहना है कि एमजीएम और श्री हास्पिटल की नर्सों से ओपीडी और वार्डों में ड्यूटी ली जा रही हैं। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा है। विदित हो कि मांगों को पूरा कराने को लेकर नर्सेस एसोसिएशन मप्र के प्रांतव्यापी आव्हान पर 28 जून को एक दिवसीय हड़ताल करते हुए राज्य सरकार को चेतावनी दी गई थी कि 30 जून तक मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है तो वे अश्चितकालीन हड़ताल के लिए बाध्य होंगी। सरकार द्वारा नर्सेस की मांगों पर विचार नहीं किया गया, जिसके चलते नर्सों ने आज से कामबंद हड़ताल शुरू कर दी। जिला चिकित्सालय में भी आज सुबह से ही नर्सों ने हड़ताल करते हुए ओपीडी के बाहर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। नर्सेस एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष रेशमा बेगम अंसारी का कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष रेशमा बेगम अंसारी, उपाध्यक्ष सीमा भेलावे, मंजू गोस्वामी, अर्चना पांडेय, लता बिसेन, ए एन जोसेफ, अर्चना बेनेडेक, ऊषा चकरे, अनीता ताम्रकार, अमीना खान, राजेश्वरी बेन, ललिता एक्का, दीपेश्वरी ठाकरे, राजकुमारी पगारे, लक्ष्मी पारधी, पायल बिसेन, रूपाली पटेल, प्रमिला उइके, प्रियंका पटेल, कौशल्या मरठे सहित बड़ी संख्या में नर्सों की उपस्थिति रही।

**प्राईवेट नर्सिंग स्टाफ को तैनात किया जिला चिकित्सालय में**

### इनका कहना है

कोरोना संक्रमण के दौरान चौबीसों घंटे सेवाएं देने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा नर्सों की मांगों का निराकरण नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते नर्सेस एसोसिएशन मप्र के प्रांतव्यापी आव्हान पर कटनी जिले में नर्सों ने आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। जब तक मांगों का निराकरण नहीं हो जाता, तब हड़ताल जारी रहेगी।

**-रेशमा बेगम अंसारी, जिलाध्यक्ष नर्सेस एसोसिएशन, मध्यप्रदेश**

नर्सों की मांगों का मामला राज्य सरकार पर लंबित है। हड़ताल के पहले ही जिला चिकित्सालय में एमजीएम हॉस्पिटल और श्री हॉस्पिटल की नर्सों को तैनात कर दिया गया था। इसके अलावा 10 नियमित नर्स और 12 संविदा नर्स हड़ताल में शामिल नहीं है, उनसे भी काम लेकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है। अस्पताल के कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ा है।

**-डॉ. यशवंत वर्मा, सिविल सर्जन**

### क्या हैं मांगें

1. 2004 के बाद नियुक्त सभी स्टाफनर्सों की पुरानी पेंशन लागू की जाए।
2. कोरोना काल में काम करने वाली नर्सेस को दो वेतन वृद्धि दी जाए।
3. 2018 के आर्दश भर्ती नियमों में संशोधन करते हुए 70 प्रतिशतए 80 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत का नियम हटाया जाए एवं प्रतिनियुक्ति समाप्त कर स्थानांतरण की प्रक्रिया चालू की जाए।
4. सरकारी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेजों में सेवारत नर्सेस को उच्च शिक्षा के लिए आयु सीमा बंधन हटाया जाए।
5. कोरोना काल में अस्थाई रूप से भर्ती की गई नर्सेस को नियमित किया जाए।
6. अन्य राज्यों की तरह प्रदेश के समस्त नर्सेस का स्टाफनर्स से पदनाम पदलकर नर्सिंग ऑफिसर किया जाए।
7. स्वाशासी में से पदस्थ नर्सेस को सातवा पे कमीशन का लाभ वर्ष 2018 के बजाए सभी कर्मचारियों की भर्ती वर्ष 2016 से दिया जाए।
8. कोरोना काल में शहीद हुए नर्सिंग स्टाफ के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति देने के साथ 15 अगस्त को राष्ट्रीय कोरोना योद्धा अवार्ड से सम्मानित किया जाए।
9. मेल नर्स की भर्ती भी तत्काल की जाए।
10. शासकीय नर्सिंग कॉलेज एवं स्कूल में अध्ययनरत छात्राओं को कलेक्ट्रेट दर पर मानदेय दिया जाए।

## बाइक सवार पिता-पुत्र को बस ने रौंदा, मौत

### कटनी-रीठी मार्ग पर दर्दनाक हादसा





**कटनी।** रीठी-कटनी मार्ग पर रीठी व देवरीकला के बीच खेरमाई मढ़िया के समीप मंगलवार की दोपहर अज्ञात बस की ठोकर लगने से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बस चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रीठी थाना अंतर्गत ग्राम पटेहरा निवासी 58 वर्षीय धूरेराम लोधी मंगलवार की दोपहर अपने 38 वर्षीय पुत्र किसान लोधी(राजा) के साथ मंगलवार की दोपहर लगभग ढाई बजे ट्रेक्टर की किस्त जमा करने मोटर सायकल से कटनी आ रहा था। उसीदौरान रीठी व देवरीकला के समीप खेरमाई मढ़िया के समीप तेजरफ्तार बस बाइक सवार पिता-पुत्र को जोरदार ठोकर मारते निकल गई। जिसके कारण पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पिता-पुत्र को रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आई। जहां उपचार दौरान पुत्र राजा की मौत हो गई जबकि प्रारंभिक उपचार के बाद पिता धूरेराम को गहन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। बताया जाता कि गहन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाते समय बीच रास्ते में पिता धूरेराम की भी मौत हो गई।

### हरे रंग की बस में लिखा था जलपरी

रीठी पुलिस के मुताबिक पिता-पुत्र को ठोकर मारने वाली बस को ग्रामीणों ने देखा है। हरे रंग की बस में जलपरी लिखा हुआ था। पुलिस ने पिता-पुत्र का पीएम कराते हुए आरोपी बस चालक के विरूद्ध 279, 337, 304ए व मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी बस चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### सड़क हादसों में गई दो की जान

बरही थाना अंतर्गत घटित दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुकुल स्कूल के सामने पड़ोसी जिला उमरिया के इंदवार थाना अंतर्गत ग्राम बड़छड़ निवासी 38 वर्षीय प्रभा नामदेव पति सुनील नामदेव की दुर्घटना में आई चोटों के कारण मौत हो गई है। इसी तरह ग्राम बुजबुजा में 60 वर्षीय सुखबरिया कोल की भी दुर्घटना से आई चोटों के कारण मौत हो गई है। पुलिस ने पीएम कराते हुए वाहन चालकों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## खितौली में बोले विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक

# बच्चे बनें डॉक्टर, पढ़ाई से लेकर नौकरी तक की सारी चिंता मेरी



**कटनी।** अस्पताल खोलना आसान है, किंतु कोई भी अस्पताल अच्छे प्रतिभावान कुशल डॉक्टर से चलता है और पढ़ लिखकर डाक्टर गांव में सेवा देना नहीं चाहते। यह विचार कल विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खितौली में कपिल फिलिंग सेंटर का उद्घाटन करते हुए पूर्व मंत्री संजय सत्येंद्र पाठक ने व्यक्त किये। श्री पाठक ने कहा कि जल्द ही खितौली में सर्वसुविधा युक्त अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। मंच से विधायक श्री पाठक ने घोषणा की कि प्रतिभावान बच्चे डॉक्टरी की पढ़ाई करें और डॉक्टर बनकर गांव में सेवा लेने की प्रतिज्ञा लें। विजयराघवगढ़ विधानसभा में ऐसे डॉक्टर सेवा देंगे तो उनकी नौकरी से लेकर सभी जिम्मेदारी में निभाउंगा। श्री पाठक ने बताया कि ग्राम करेला में सीएम राइजिंग स्कूल खुलेगा, जो किसी प्राइवेट स्कूल से कम नहीं होगा। श्री पाठक ने कहा कि यहां पर 42 करोड़ रुपये की सड़क स्वीकृति कराई थी, मगर कांग्रेस की सरकार ने उसे निरस्त कर दिया। फिर से हमारी सरकार बनी तो यह सड़क को स्वीकृत करा दिया। शीघ्र ही इसके लिए बजट में प्रावधान होगा तथा काम शुरू होगा।

**करेला में खुलेगा सीएम राइजिंग स्कूल, 42 करोड़ से बनेगी सड़क**

### अब खितौली में भी मिलेगा पेट्रोल, फीता काटकर कराया पेट्रोल पंप का शुभारंभ



जिला मुख्यालय कटनी से 75 किलोमीटर दूर जिले के आखिरी छोर में बसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र खितौली में भी अब पेट्रोल मिलने लगा है। पूर्व मंत्री एवं क्षेत्र के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक बतौर मुख्यातिथि फीता काटकर कपिल पेट्रोल पम्प का शुभारंभ मंगलवार की शाम कराया। शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणों की मौजूदगी में क्षेत्रवासियों को यह सौगात मिली। गौरतलब है कि अभी तक इस क्षेत्र में एक भी पेट्रोल पंप न होने की वजह से यहां के वाहन सवारों को 25 किलोमीटर दूर बरही आने की मजबूरी थी। अब खितौली में ही पेट्रोल पंप का शुभारंभ होने से यहां के वाहन सवारों को राहत मिल गई। शुभारंभ अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए विधायक श्री पाठक ने कहा कि लंबे समय से इस क्षेत्र में पेट्रोल पंप शुरू कराने की मांग उठ रही थी, जिसे हमारे पूज्य पिता जी के साथी काशी गुप्ता परिवार द्वारा आज यह मांग पूरी की गई, अब क्षेत्रवासियों को पेट्रोल-डीजल के लिए भटकना नही पड़ेगा। इस अवसर पर गुप्ता परिवार की ओर से राम शंकर गुप्ता, डॉक्टर जगदीश गुप्ता, कपिल देव गुप्ता ने कपिल फिलिंग सेंटर के शुभारंभ के मौके पर विधायक संजय सत्येंद्र पाठक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज से कपिल फिलिंग सेंटर का आमजन के लिए शुरू हुआ है। सहयोगी मिथिलेश त्रिपाठी, मनोज तिवारी, दुर्गेश गुप्ता एवं सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# खेत में मिला ठेका श्रमिक का शव, हत्या का संदेह



**कटनी।** कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम चरी स्थित खेत में एक 25 वर्षीय ठेका श्रमिक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शरीर में चोट के निशान होने की वजह से परिजनों ने हत्या का संदेह व्यक्त किया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद कुमार जैन ने बताया कि ग्राम चरी कोटवार अनिल कुमार दहिया द्वारा मंगलवार को सुबह 9 बजे मोबाइल पर सूचना दी गई कि ग्राम चरी में सतना जिले की सीमा से लगे हुए गोकुल चौधरी के खेत में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने अधिकार में लेकर उसकी शिनाख्तगी के प्रयास शुरू किए। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई। शव की पहचान बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम मझगवां निवासी 25 वर्षीय दादू उर्फ मानसिंह पिता अच्छेलाल गौड़ के रूप से की गई। यह भी पता चला कि दादू दो-तीन माह से सतना जिले की भटूरा से भदनपुर तक बन रही 19 किलोमीटर की सड़क में पडरेही मोड़ के पास पुलिया निर्माण के कार्य में मिस्त्री का काम करता था। सड़क निर्माण का ठेका स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम सैलारपुर निवासी दिलीप सिंह ठाकुर के द्धारा लिया गया है। बताया जाता है कि दादू के सिर के पिछ्ले हिस्से में चोट लगने से रक्तस्राव हुआ है। मृतक दादू निर्माणाधीन पुलिया के पास बनी हुई टपरिया में ही रहता था और मिस्त्री का काम करता था। परिजनों ने उसकी हत्या संदेह व्यक्त किया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

**मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस**

### एनकेजे, उमरियापान व बरही में सर्पदंश से तीन की मौत

**कटनी।**

एनकेजे, उमरियापान व बरही थाना अंतर्गत घटित जहरीले जीवजंतुओं के काटने की घटनाओं में एक 10 वर्षीय बालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम सिघनपुरी में प्रमोद विश्वकर्मा के 10 वर्षीय पुत्र नकुश को जहरीले सर्प ने काट लिया। उसे तत्काल जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती कराया गया। जहां उपचार दौरान नकुश की मौत हो गई। इसी प्रकार उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम भटगवां निवासी 27 रामचरण पिता कुंवरलाल गौड़ की भी जहरीले सर्प के काटने से मौत हो गई। इसके अलावा बरही थाना अंतर्गत ग्राम गोहावल में 25 वर्षीय चंद्रकली बाई पति सूरज कोल को जहरीले सर्प ने काट लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।






### धारा 370 को लेकर भाजपा की वर्चुअल संगोष्ठी कल



**कटनी।** धारा 370 के मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा कल 1 जुलाई को दोपहर एक बजे से वर्चुअल संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसे पूर्व सांसद एवं भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नीता पटेरिया द्वारा संबोधित किया जाएगा।

### न्यायालय तहसीलदार कटनी (नगर) जिला कटनी

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0549/अ-6/2020 -2021

**इश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार (गुरमुखदास) पोपटानी पिता ब्रिजलाल पोपटानी निवासी संतकवरराम वार्ड खैबरलाइन माधवनगर कटनी के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 208052021ए1003481 दिनांक 02.01.2021 के आधार पर मौजा पड़रवारा स्थित भूमि खसरा नंबर 139/6 रकवा 0.20 हेक्टेयर भूमि विक्रेता मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा इंडस्ट्रीयल एरिया, माधवनगर कटनी के माध्यम से क्रय किये जाने के कारण नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया है। उक्त क्रयशुदा भूमि के नामांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/जनप्रतिनिधि या संस्था एवं बैंक आदि को आपत्ति हो तो स्वयं या अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति/आक्षेप पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.06.2021 को मेरे द्वारा हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

**सुनवाई का स्थान- न्यायालय तहसीलदार (नगर)**

**जारी दिनांक- 07.06.2021** **नियत दिनांक 22.06.2021**

**तहसीलदार कटनी नगर कटनी**

### न्यायालय तहसीलदार कटनी (नगर) जिला कटनी

राजस्व प्रकरण क्रमांक 1550/अ-6/2020 -2021

**इश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रियम पांपटानी पिता सुनील कुमार पोपटानी निवासी संतकवरराम वार्ड कटनी के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 208052021ए1003479 दिनांक 02.01.2021 के आधार पर मौजा पड़रवारा स्थित भूमि खसरा नंबर 139/12 रकवा 0.20 हेक्टेयर भूमि विक्रेता मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा इंडस्ट्रीयल एरिया, माधवनगर कटनी के माध्यम से क्रय किये जाने के कारण नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया है। उक्त क्रयशुदा भूमि के नामांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/जनप्रतिनिधि या संस्था एवं बैंक आदि को आपत्ति हो तो स्वयं या अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति/आक्षेप पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.06.2021 को मेरे द्वारा हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

**सुनवाई का स्थान- न्यायालय तहसीलदार (नगर)**

**जारी दिनांक- 07.06.2021** **नियत दिनांक 22.06.2021**

**तहसीलदार कटनी नगर कटनी**


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)